RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

करें योजनाएं अगर, कुछ छोटी सरकार।
और फाइलें कुछ बड़ी, तब निकलेंगी पार।
तब निकलेंगी पार, योजनाएं जो अटकीं।
वर्ना सारी यहीं, कहीं रह जायें लटकीं।
कह साहिल कविराय, जरा-सा जोर लगायें।
थोड़ा हिले विकास, योजनाएं सरकायें।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 178 | TUESDAY DATE 21-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यसभा में खड़गे बोले- ताकत के दम पर बच्चों की आवाज दबाई जा रही



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** संसद के मानसून सत्र के पहले दिन राज्यसभा में नीट परीक्षा, कथित पेपर लीक, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों और राम मंदिर चढ़ावा मामले को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने का आरोप लगाया। उनके वक्तव्य के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके चलते सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। खड़गे ने उच्च सदन में कहा कि जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में छात्र नीट पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों के विरोध को दबाने की कोशिश कर रही है।

### टीएमसी के तीन बैंक अकाउंट्स पर जारी रहेगी डेबिट रोकः हाईकोर्ट

**कोलकाता, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल-जज बेंच ने सोमवार को टीएमसी के तीन बैंक अकाउंट्स को फ्रीज करने के ईडी के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। इन खातों में कुल मिलाकर 440 करोड़ रुपए जमा हैं। पश्चिम बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी के गुट ने ईडी द्वारा इन बैंक अकाउंट्स को फ्रीज करने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने की याचिका दायर की थी, जिसे जस्टिस कृष्णा राव की सिंगल-जज बेंच ने सुनने से इनकार कर दिया। इसके बाद अगले आदेश तक इन अकाउंट्स पर डेबिट पर रोक जारी रहेगी। पुलिस के निदेशों के बाद बैंक अधिकारियों ने सबसे पहले इन तीनों अकाउंट्स पर डेबिट पर रोक लगाई थी। इस महीने की शुरूआत में जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की एक और सिंगल-जज बेंच ने राज्य पुलिस के निदेशों के बाद लगाई गई डेबिट पर रोक में आंशिक और अस्थायी छूट की अनुमति दी थी।

## मानसून तैयारियों पर DDMA की बैठक, एलजी ने कहा- दिल्ली में जलभराव बर्दास्त नहीं



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई**

राजधानी में मानसून के मद्देनजर दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार टी.एस. संधू और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारी बारिश से निपटने की तैयारियों, अर्बन फ्लड मिटिगेशन प्लान और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स के गठन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री पर्वेश वर्मा, आशीष सूद, मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस, एमसीडी, डीडीए, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, परिवहन, अग्निशमन सहित सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। एलजी बोले- जलभराव रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएं बैठक की शुरूआत में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 और 2025 की तुलना में इस बार दिल्ली में जलभराव की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, लेकिन अभी और बेहतर करने की जरूरत है।

# 'धरना समाप्त करें प्रदर्शनकारी'

## सीजेपी के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का बयान

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के एक प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। जेपी नड्डा ने इस मुलाकात की तस्वीर को शेयर करते हुए कहा कि हमारी बातचीत जारी है। मैंने धरने को समाप्त करने अनुरोध किया है।

जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आज सुबह पहली बार प्रदर्शनकारियों की ओर से सरकार के साथ बातचीत करने का प्रस्ताव आया और सुबह 11:50 से ही हमारी बातचीत जारी है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई। उनके डेलीगेशन के साथ विस्तार से पहले मौखिक चर्चा हुई और उनके द्वारा लगभग 4 बजे मुझे लिखित याचिका दी गई।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने सभी प्रदर्शनकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने धरने को समाप्त करें और सामान्य स्थिति बहाल करने में प्रशासन की मदद करें।

हालांकि, सीजेपी की तरफ से कहा गया है कि उनकी मांगों को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। जब तक ऐसा नहीं होता है, आंदोलन खत्म नहीं होगा।

मुलाकात के बाद सीजेपी प्रतिनिधि सौरभ दास ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री के समक्ष अपनी प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे या उन्हें पद से हटाने की मांग शामिल है।

उनका कहना था कि मंत्री जी ने भरोसा दिलाया है कि वे इस मामले पर सही स्तर पर बात करेंगे। हालांकि, अभी तक कोई पक्का वादा नहीं किया गया है।



जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी रुकेंगे नहीं। सीजेपी की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि संगठन 6 जून से शिक्षा व्यवस्था में सुधार और कथित परीक्षा अनियमितताओं के विरोध में देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहा है। 20 जून से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन धरना जारी है, जिसमें शिक्षाविद और पर्यावरणविद सोनम वांगचुक भी शामिल हुए।

संगठन का दावा है कि सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर सोनम वांगचुक ने 28 जून से अनशन शुरू किया, जो 20 जुलाई तक जारी है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं में कथित पेपर लीक, तकनीकी गड़बड़ियां और प्रशासनिक अव्यवस्था देखने को मिली। संगठन ने आरोप लगाया कि नीट 2026 पेपर लीक के बाद उनके रिकॉर्ड के अनुसार 21 अभ्यर्थियों ने आत्महत्या की।

सीजेपी ने अपने ज्ञापन में सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं कि सोनम वांगचुक की रिहाई तथा उनके आवागमन पर किसी भी प्रकार की रोक न लगाई जाए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लिया जाए या उन्हें पद से हटाया जाए। नीट 2026 पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले अभ्यर्थियों के परिवारों को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाए।

इसके अलावा संगठन ने दिल्ली पुलिस पर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की है।

सीजेपी का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा।

### डेंगू से मिलेगी स्थायी मुक्तिः केंद्र ने जापानी वैक्सीन क्यूदेंगा को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** देश में हर साल हजारों जिंदगियां लेने वाले डेंगू के कहर से अब स्थायी मुक्ति मिल सकती है। भारत सरकार ने जापानी दवा कंपनी ताकेदा फार्मास्युटिकल द्वारा विकसित डेंगू वैक्सीन क्यूदेंगा को मंजूरी दे दी है। ड्रग नियामक संस्था सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड एंड ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) द्वारा दी गई यह हरी झंडी देश में डेंगू के बढ़ते बोझ को कम करने में महत्वपूर्ण साबित होगी। यह वैक्सीन टेट्रावैलेंट लाइव एटेन्यूएटेड तकनीक पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि यह डेंगू वायरस के चारों सेरोटाइप से सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि उन लोगों को भी दिया जा सकता है जिन्हें पहले डेंगू हो चुका है, और उन लोगों को भी जिन्होंने कभी यह बीमारी नहीं झेली है। वैक्सीन लगवाने से पहले डेंगू की जांच कराना जरूरी नहीं होगा।

### बिहार में भारी बारिश का कहरः रेलवे ट्रैक डूबे, ट्रेनें ठप, सड़कें जलमग्न

**पटना, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** बिहार के कई जिलों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लखीसराय में जमालपुर-किऊल रेल रूट पर कजरा के पास रेलवे ट्रैक डूब जाने से भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट सहित कई ट्रेनें दो घंटे तक रुकी रहीं, जिसके बाद उन्हें धीमी गति से रवाना किया गया। मुंगेर के जमालपुर रेल कारखाना के वर्कशॉप्स में पानी भर जाने से काम ठप हो गया है। खगड़िया, किशनगंज, जमुई सहित कई जिलों में सड़कें तीन फीट तक पानी में डूब गई हैं। बेगूसराय में मंसूरचक प्रखंड की मुख्य सड़क जलमग्न है, जीडी कॉलेज परिसर में पानी भर गया है और कई घरों में भी पानी घुस गया है। पश्चिम चंपारण के भुलटोला सिरिसिया गांव में भपसा नदी पार करते समय एक मगरमच्छ ने केदार बैठा (45) नामक किसान पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें नालंदा में 3, छपरा-सीवान में 2-2 और बक्सर-रोहतास में एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।

### सालों के बाद संसद तक पहुंचा मार्च, सुरक्षा घेरा तोड़कर पहुंचे कॉकरोच

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का संसद मार्च दिल्ली पुलिस की घेराबंदी को तोड़कर संसद भवन के पास तक पहुंच गया। यह कई वर्षों बाद हुआ है कि कोई प्रदर्शन संसद मार्ग थाने से आगे बढ़कर रेल और कृषि भवन के गोलंबर तक पहुंचा हो, जिससे सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। संसद के गेट तुरंत बंद किए गए और अंदर-बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

## पुराने ट्रक-बस हटाने पर बड़ा प्रोत्साहन, दिल्ली सरकार की 'परिवर्तन' योजना को मंजूरी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।**

दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 'परिवर्तन' योजना को राजधानी में लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। योजना का उद्देश्य पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले व्यावसायिक वाहनों की जगह बीएस-VI और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर परिवहन से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करना है। इस प्रस्ताव को हाल ही में हुई दिल्ली कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति दी गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि योजना के तहत पुराने ट्रकों, बसों और मालवाहक वाहनों को हटाकर स्वच्छ ईंधन आधारित और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे राजधानी में स्वच्छ परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी और व्यावसायिक वाहनों के आधुनिकीकरण के साथ वायु प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। योजना के तहत यदि कोई वाहन मालिक बीएस-IV या उससे नीचे के हल्के मालवाहक वाहन (एलजीवी) को स्क्रैप कर नया इलेक्ट्रिक एलजीवी खरीदता है तो उसे 10 वर्षों के लिए 100 प्रतिशत मोटर वाहन कर और 100 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क में छूट मिलेगी। इसके अलावा 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, वाहन निमार्ता की ओर से 8 प्रतिशत तक की छूट तथा ईंधन वाउचर या उसके रियायती मूल्य के बराबर एकमुश्त लाभ भी दिया जाएगा।



## मानसून और मानसून सत्र के सक्रिय रहने से होगा देश का कल्याण : मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मानसून की तरह संसद का मानसून सत्र भी सक्रिय और उत्पादक रहने की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ही सक्रिय होंगे तो देश का कल्याण होगा।

श्री मोदी संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को संसद परिसर में कहा, 'हम प्रार्थना करते हैं कि मानसून भी सक्रिय रहे और मानसून सत्र भी उत्पादक रहे।

जब दोनों प्रोडक्टिव होते हैं तो देश का कल्याण होता है।' उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में भारत ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और अंतरिक्ष क्षेत्र में कई ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनसे हर देशवासी गर्व महसूस कर सकता है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष मानसून सत्र से एक दिन पहले एक भारतीय नागरिक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंचा था और इस बार सत्र से दो दिन पहले ही एक भारतीय युवा स्टार्टअप ने अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने कहा कि यह केवल संयोग नहीं बल्कि इस बात का संदेश है कि भारत के युवाओं की आकांक्षाएं और क्षमताएं अंतरिक्ष जितनी असीम हैं।

उन्होंने कहा कि देश के स्टार्टअप में काम करने वाले युवाओं की औसत आयु करीब 28 वर्ष है और यही युवा भारत के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर आज देश चल पड़ा है।

# दिल्ली पुलिस ने 897 करोड़ रुपए मूल्य के 1452 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

दिल्ली पुलिस ने सोमवार को 897 करोड़ रुपए मूल्य के 1452 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया है इसके साथ ही जब्त और नष्ट किए गए मादक पदार्थों की कुल मात्रा 49,663 किलोग्राम तक पहुंच गई है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 14,799 करोड़ रुपए है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'नशा मुक्त' भारत को राष्ट्रीय लक्ष्य घोषित करने और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रतिपादित और दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू द्वारा दृढ़ता से प्रतिपादित 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के बाद शुरू किया गया था।

दिल्ली अपराध शाखा के आईपीएस विशेष पुलिस आयुक्त एचजीएस धालीवाल ने रेखांकित किया कि यह आयोजन केवल जब्त मादक पदार्थों को नष्ट करने के बारे में नहीं था, बल्कि एक ऐसे तंत्र को खत्म करने के बारे में था जो हमारे युवाओं के लिए खतरा है, परिवारों को कमजोर करता है और समग्र रूप से समाज के भविष्य को नुकसान पहुंचाता है।

दिल्ली पुलिस राजधानी में मादक पदार्थों और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के खिलाफ अथक और निरंतर कार्रवाई कर रही है। पुलिस द्वारा सोमवार को नष्ट की गई ड्रग्स में 1,010 किलोग्राम मेथम्फेटामाइन, 135 किलोग्राम हेरोइन, 62 किलोग्राम चरस, 37 किलोग्राम



गांजा, 16 किलोग्राम मेथक्वालोन, 91 किलोग्राम अफीम का भूसा, 70 किलोग्राम फिनियल प्रोपोनेन, 15 लाख से अधिक ट्रामाडोल टैबलेट, 36 हजार से अधिक कोडीन सिरप की बोतलें और अन्य मनोरोगी पदार्थ शामिल हैं।

दिल्ली पुलिस की तरफ से बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत जिन मादक पदार्थों को नष्ट किया गया उनमें 21 दिसंबर, 2022 को लगभग 2,888 किलोग्राम, 26 जून, 2023 को लगभग 15,700 किलोग्राम, 20 फरवरी, 2024 को लगभग 10,631 किलोग्राम, 17 दिसंबर, 2024 को लगभग 10,601.192 किलोग्राम, 24 जनवरी, 2025 को लगभग 1,575 किलोग्राम, 3 अप्रैल, 2025 को लगभग 1,624 किलोग्राम, 26 जून, 2025 को लगभग 1,629 किलोग्राम, 29 सितंबर, 2025 को लगभग 1,847 किलोग्राम और 12 मई, 2026 को लगभग 1,697 किलोग्राम शामिल हैं। नष्ट की गई ड्रग्स का कुल वजन लगभग 48,211 किलोग्राम और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसका मूल्य लगभग 13,902 करोड़ रुपए आंका गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुराने विवाद में युवक को पीटा, मामला दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** इकराम नगर कॉलोनी में पुराने विवाद के चलते युवक को पड़ोसियों ने पीट दिया। घायल युवक ने लोनी थाना पुलिस को शिकायत दी है। इकराम नगर कॉलोनी में रहने वाले आमिर ने बताया कि 17 जुलाई रात करीब 10 बजे पड़ोस में रहने वाले युवक शादाब ने फोन कर उन्हें घर बुलाया। वह घर पहुंचे तो वहां शादाब के पिता फीमू, नदीम अन्य लोग बैठे हुए थे। आरोप है कि उनके घर पहुंचते ही फीमू व नदीम ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर पिता-पुत्र समेत वहां मौजूद अन्य लोगों ने उनसे मारपीट की। एसीपी लोनी रामकिशन ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी लापता, युवक पर ले जाने का आरोप

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के डीएलएफ इलाके से एक 13 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। उसके पिता ने दिल्ली के न्यू सीमापुरी क्षेत्र के रहने वाले सागर नामक युवक पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की है। दर्ज मामले में पीड़ित ने बताया कि वह और उनकी पत्नी दिल्ली के न्यू सीमापुरी में रहते हैं और दोनों नौकरी करते हैं। इसलिए उनकी 13 वर्षीय बेटी शालीमार गार्डन निवासी उनके भाई के घर रहती है। 17 जुलाई की शाम वह भाई के घर से लापता हो गई। जब उन्हें इस बात का पता चला तब उन्होंने एक अपनी भाभी और भतीजे का मोबाइल फोन जांचा। पता चला कि बेटी ने घर से निकलते समय सागर नाम के युवक को कॉल की थी। आरोप है कि वही व्यक्ति उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। इसके बाद पुलिस से शिकायत की।

## नोएडा में डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बाइक, एक युवक की मौत, दो की हालत गंभीर

» नोएडा, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

गौतमबुद्ध नगर में सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सेक्टर-96 स्थित अंडरपास में हुआ, जहां तीन युवकों को ले जा रही हीरो स्प्लेंडर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना 20 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 12:45 बजे हुई। हादसे के समय बाइक पर तीन युवक सवार थे, जिनकी पहचान चंदन, गुलशन और नासिर के रूप में हुई है। तीनों सलारपुर, गली नंबर-10, रवि चौक के



रहने वाले बताए गए हैं। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक अंडरपास से तेज रफ्तार में गुजर रही थी। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बाइक डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस और आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची।

घायलों को तुरंत एंबुलेंस से जिला अस्पताल, सेक्टर-39 ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद गुलशन को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल चंदन और नासिर को बेहतर इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली रेफर किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में इसे सड़क दुर्घटना माना जा रहा है।

## तीन हजार रुपये के लेनदेन में क्लब के बाहर फायरिंग, एक घायल

**कौशांबी, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** वैशाली सेक्टर तीन स्थित शॉपिंग मॉल के बाहर 18 जुलाई की देर रात दो तीन दोस्तों में आपसी झगड़ा हो गया। विवाद के दौरान दो युवकों ने अपने दोस्त लोनी के अंकुर विहार निवासी अन्नू पर फायरिंग कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में तीन हजार रुपये के लेनदेन में विवाद की बात सामने आई है। एसीपी इंदिरापुरम सूर्यबली मौर्य ने बताया कि अन्नू से पूछताछ में पता चला कि अन्नू अपने दो दोस्तों के साथ शनिवार देर रात कौशांबी क्षेत्र संचालित एक क्लब में पहुंचा था। अन्नू के दोनों दोस्त दिल्ली के एक क्लब में बाउंसर हैं। तीनों के बीच 3000 रुपये के लेनदेन का विवाद था। रुपयों का हिसाब किताब करने ही तीनों कौशांबी आए थे। बातचीत के दौरान तीनों का झगड़ा हो गया। अन्नू का आरोप है कि उसके दोस्तों ने पीछे से उसे गोली मारी और गोली उसके बाएं पैर के पिछले हिस्से में लगी और मांस में फंस गई। एसीपी ने बताया कि अन्नू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस टीमें दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हैं, जल्द गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर दिव्यांग दंपती से अभद्रता

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के गरिमा गार्डन निवासी अजय कुमार ने अपने पड़ोसी परमात्मा की पत्नी के खिलाफ 19 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला पर पीड़ित के घर पर कूड़ा फेंकने और विरोध करने पर दिव्यांग दंपती को अपशब्द करते हुए विवाद किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। दर्ज मामले में अजय कुमार ने बताया कि वह और उनकी पत्नी दोनों दिव्यांग हैं। 17 जुलाई को उनके पड़ोसी आत्माराम की पत्नी ने उनके घर के बाहर कूड़ा फेंका था। जब उनकी पत्नी ने इसके लिए मना कि तब पड़ोसी ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। इसके अलावा पीड़ित दंपती को दिव्यांगता का ताना देते हुए अपशब्द कहे। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित ने जो वीडियो साक्ष्य दिए हैं, उनकी जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चोरी की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** थानाक्षेत्र के वृंदावन गार्डन से सात जुलाई को चोरी हुई बाइक के साथ पुलिस ने एक युवक रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपी अर्थला के संजय कॉलोनी का रहने वाला रमीज है। उसके साथ ही पुलिस ने संजय कॉलोनी के ही रहने वाले शमशाद उर्फ आहिल को भी पकड़ा है। उसके पास से भी चोरी की एक बाइक बरामद हुई है। प्रभारी एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि रविवार तड़के पुलिस दिल्ली जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। तभी दोनों युवकों को चेकिंग के लिए रोका गया था। दस्तावेज मांगने पर दोनों असहज हो गए। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि उनके पास मौजूद बाइकें चोरी की हैं। इसके बाद दोनों को थाने ले जाया गया। पूछताछ के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया है।

## खुले में कचरा जलाने और फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई, लगाया जाएगा जुर्माना

**खोड़ा, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** नगरपालिका परिषद ने क्षेत्र को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 को लागू करने की तैयारियां तेज कर दी हैं। इस संबंध में शनिवार को नगरपालिका परिषद में एक विशेष बैठक भी की गई। इसमें अधिकारियों ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्रोत पर कचरे के पृथक्करण और जनजागरूकता अभियान को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया। बैठक में तय किया गया कि प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान से नियमित रूप से कचरा एकत्र किया जाएगा।

## नीट में उत्कृष्ट सफलता पर पनव अग्रवाल व रियान गुप्ता को मिला नीट गौरवङ्म2026 अवार्ड



### महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) ने प्रतिभाओं का किया अभिनंदन, शिक्षा को बताया समाज की सबसे बड़ी पूंजी

» कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) द्वारा नीट परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले पनव अग्रवाल एवं रियान गुप्ता को शैक्षणिक स्वर्णिम सफलता सम्मान के अंतर्गत नीट गौरव-2026 अवार्ड से सम्मानित किया गया। विद्या भारती सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में दोनों मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं मैडल भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर उनके अभिभावक डा. अजय अग्रवाल, डा. दीपाली गोयल तथा डा. ऋषि पाल गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि अजय गोयल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना पिछले कई वर्षों से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार कर रही है। संस्था का यह प्रयास अन्य सामाजिक संगठनों के लिए भी प्रेरणादायी है।

उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करना केवल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर डा. अजय अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे कोई भी व्यक्ति कभी छीन नहीं सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आ'ान किया तथा कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है।

## जंतर-मंतर पर सीजेपी का प्रदर्शन, दिल्ली पुलिस ने कहा कानून व्यवस्था बनाए रखने में करें सहयोग

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से जारी विरोध प्रदर्शन के बीच अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व जनसंपर्क अधिकारी राजीव रंजन ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने एक वीडियो संदेश में कहा कि दिल्ली पुलिस सभी प्रदर्शनकारियों से संयम बरतने और शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील करती है। सभी प्रदर्शनकारियों से अनुरोध है कि वे शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करें। किसी भी गैर-कानूनी या हिंसक गतिविधि में शामिल न हों और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा दिए गए कानूनी निर्देशों का पालन करें। संदेश में आगे कहा गया है कि जनता को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अफवाहों, गलत जानकारी या अपुष्ट जानकारी पर विश्वास न करें और न ही उन्हें फैलाएं।

## जंतर मंतर पर छात्र आंदोलन के समर्थन में किया, पुतला दहन

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 20 जुलाई । सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू, अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त नेतृत्व में जंतर मंतर पर शिक्षा के मुद्दे को लेकर छात्र आंदोलन के समर्थन में भाजपा सरकार की दमनकारी व तानाशाही पूर्ण रवि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, शिक्षा मंत्री पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व सीटू के राज्य कोषाध्यक्ष सुखबीर सिंह, राज्य सचिव सुनील दत्त, अखिल भारतीय किसान सभा के जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक, उप प्रधान दिलावर सिंह राठी, प्रेस सचिव फौजी रोहतास आर्य, गुलाब सिंह, इंडस्ट्रियल वर्कर यूनियन के पानीपत प्रधान जय भगवान, कोषाध्यक्ष नवीन सपरा, आशा वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान बंटी, उप प्रधान मनजीत, मिड डे मील




वर्कर्स यूनियन जिला प्रधान निर्मला अहलावत, क्रैच वर्कर्स यूनियन जिला कोषाध्यक्ष ललिता, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान सुल्तान, सचिव अशोक दुग्गल, कोषाध्यक्ष कंवरपाल आदि ने किया। विरोध प्रदर्शन को संबंध करते हुए सीटू राज्य कोषाध्यक्ष सुखबीर सिंह ने भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान समय में अघोषित आपातकाल चल रहा है। जनता के मौलिक अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। लोकतंत्र-अभिव्यक्ति की आजादी को कुचला जा रहा है। जनता के जन आंदोलन को पुलिस दमन से कुचला जा रहा है। पिछले 21 दिनों से देश के जंतर मंतर पर शिक्षा में जारी भ्रष्टाचार शिक्षा व्यवस्था में बढ़ता भ्रष्टाचार वह पेपर लीक के मुद्दे को लेकर छात्रा युवाओ का आंदोलन जारी है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



## नेताओं और अधिकारियों की आंखों का पानी मरने से जलभराव की चपेट में कानपुर

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 20 जुलाई । लगातार भीषण बारिश ने कानपुर के हाल बहुत बुरे कर रखे हैं। ऐसा कोई एकाध को छोड़कर ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां उसे जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इससे यहां के निवासियों को भी भारी दिक्कत हो रही है जिसकी वजह है जिम्मेदार विभाग के लोगों और जनप्रतिनिधियों की आंखो का पानी मर जाना बताया जाता है। वैसे विभिन्न इलाकों में जल निकासी के लिए छोटे बड़े नालों की संख्या भी इस महानगर में दर्जनों में है लेकिन अधिकांश नालों को समय रहते साफ नहीं किया गया, जिसके फलस्वरूप जलभराव की समस्या का सामना लगभग हर इलाके को करना पड़ रहा है। चकेरी, लाल बंगला, यशोदा नगर, नौबस्ता, बर्रा, दबौली, गुजैनी, पनकी, रावतपुर, बाबू पुरवा, कोतवाली, छावनी, रेल बाजार रायपुरवा, खलवा पुल और किदवईनगर समेत दर्जनों ऐसे इलाके हैं, जहां जलभराव की समस्या हर साल उत्पन्न होती है और अब इस साल भी इन्हीं हालातों का सामना करना पड़ रहा है ,जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में जबरदस्त रोष भी व्याप्त है। कुल मिलाकर जिम्मेदार अधिकारीऔर पार्षद से लेकरसांसद विधायक तक इस महानगर में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। कई इलाकों की नालियां और मेनहोल भी जाम पड़े हैं, जिसकी वजह से भी लोग परेशान हैं।

## फर्जी रजिस्ट्री के जरिए 3 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 20 जुलाई । गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट की थाना जारचा पुलिस ने फर्जी रजिस्ट्री के जरिए करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी शशिरंजन प्रसून को गाजियाबाद के लालकुआं क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी पर अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने और पीड़ित से 3 करोड से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को चलाए गए विशेष अभियान के दौरान थाना जारचा पुलिस ने अभियुक्त शशिरंजन प्रसून को गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से करमनटोला, जिला भोजपुर (बिहार) का रहने वाला है और उसकी उम्र करीब 54 वर्ष बताई गई है।

## 12 साल पुराने भरोसे ने दिया धोखाः नोएडा में चालक ने उड़ाए 9 लाख, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा, यूटर्न/ 20 जुलाई । गौतमबुद्धनगर के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने महज दो दिन के भीतर 9 लाख रुपये की चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पूरी 9 लाख रुपये की नकद धनराशि और एक अवैध चाकू बरामद किया है। अवैध चाकू मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी गई हैं। इस कार्रवाई को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से अंजाम दिया गया।

# ऑल मनीमाजरा रेजिडेंट्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-13 चंडीगढ़ के नवनियुक्त चेयरमैन बने समाजसेवी सुभाष धीमान; जनसेवा को बताया जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य

» हरियाणा, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

ऑल मनीमाजरा रेजिडेंट्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन, सेक्टर-13 चंडीगढ़ के नवनियुक्त चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष धीमान ने अपने मनोनयन पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजबीर सिहँ भारतीय व एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों, क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों तथा मीडिया का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दायित्व उनके लिए किसी सम्मान से कम नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने की एक नई जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। मीडिया से बातचीत के दौरान सुभाष धीमान ने अपने सामाजिक, राजनीतिक और



जनसेवा के लंबे सफर को साझा करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाजहित और जनकल्याण के कार्यों को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है और इसी विश्वास ने उन्हें निरंतर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, 'व्यस्तताओं के कारण मैं हर व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल पाता, लेकिन मेरे मन में अपने प्रत्येक साथी, शुभचिंतक और मित्र के प्रति अपार सम्मान है। मैं अपने सभी साथियों को हृदय की गहराइयों से नमन करता हूँ। आज तक जो भी कार्य मैंने किए हैं, वे मेरी देवतुल्य जनता के सामने हैं। आगे भी बिना किसी स्वार्थ के समाज और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करता रहूँगा।'

सुभाष धीमान ने अपने सार्वजनिक जीवन की प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वे मनीमाजरा ईडब्ल्यूएस रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक हैं तथा 2 बार प्रधान रहने के बाद वर्तमान में लगातार 9 बार चेयरमैन बने तथा वर्तमान में चेयरमैन के लिए रूप में सेवा दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे पिछले लगभग 15 वर्षों से ऑल मनीमाजरा वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक एवं उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# पीजीएसडी शिक्षण संस्थान हरियाणा में हर साल मैरिट पर आता है : बजरंग गर्ग

### पीजीएसडी स्कूल से पढ़े हुए छात्र आज देश व प्रदेश में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं– बजरंग गर्ग

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 20 जुलाई । पीजीएसडी स्कूल के प्रतिनिधियों का सम्मेलन स्कूल के प्रांगण में हुआ। जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग थे। जिसमें भारी संख्या में प्रतिनिधि, अध्यापकों व छात्रों ने भाग लिया। शिक्षण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीजीएसडी शिक्षण संस्थान हरियाणा में हर साल मैरिट पर आता है। पीजीएसडी स्कूल से पढ़े हुए छात्र आज देश व प्रदेश में उच्च पदों पर कार्य कर रहे हैं। यहां तक की काफी छात्र विदेशों में व्यापार कर रहे हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद में विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कुश्ती व बॉक्सिंग में गोल्ड व सिल्वर मैडल जीत कर स्कूल का




नाम रोशन किया है। अब भी छात्र छात्राएँ खेलकूद में अव्वल स्थान पर रहते है। स्कूल के बच्चों के शिक्षा के लिए हर प्रकार की मूलभूत सुविधा है। जिसमें एलइडी, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर क्लास, लाइब्रेरी, लिफ्ट, लैबोरेट्री, क्लासरूम में एसी, सोलर, म्यूजिकल कलास आदि का प्रबंध किया हुआ है। छात्रों ने मुख्य अतिथि बजरंग गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि बजरंग गर्ग ने स्कूल की छात्राएँ ने जो गणेश वंदना व अन्य कार्यक्रम किया उन्हें सम्मानित किया इस अवसर पर सचिव सुरेंद्र सिंगला, प्रबंधक ओम प्रकाश असीजा, प्रधानाचार्य सत्येंद्र गोयल, मुख्य अध्यापक गंगा प्रसाद मौर्य, रिटायर्ड प्रिंसिपल सतीश जैन, गुलाब सिंह राणा, मुख्य अध्यापिका अनीता गर्ग, सुनीता पूनिया, अंगूरी देवी, कमल गोयल, आनंद बुरा, परीकार्तिक गुप्ता, वीरेंद्र गर्ग, मुकेश कुमार, पवन कुमार, विपिन चांदना, वी. एम. जांगड़ा, उदयवीर सिंह, पीयूष ठाकुर ,जे. एस. बराड़,डॉ. विनय जोशी ,आशु खट्टर, संदीप सतीजा, विजय कुमार,रमेश कुमार, विजेंद्र कुमार, कुलदीप वर्मा, संदीप सेहरावत, गुलशन सैनी, चेतन जैन आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद रहे।६

## टप्पेबाजों की तलाश में दिल्ली और राजस्थान पहुंची पुलिस

साहिबाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई । इंस्टाग्राम पर भ्रामक विज्ञापन प्रसारित कर हरियाणा के चकरपुर निवासी तपश दास से 11 लाख की टप्पेबाजी करने वाले दो आरोपियों की लोकेशन दिल्ली और राजस्थान में मिली है। पुलिस की टीमें गिरफ्तारी का प्रयास कर रही हैं। वहीं गिरोह के तीसरे सदस्य को टीम अब तक ट्रेस नहीं कर पाई है। गैंग के दो आरोपी सुशील कुमार और आदर्श को साहिबाबाद पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। तपश दास ने इंस्टाग्राम पर सस्ते दाम में सोना खरीदने का विज्ञापन देखकर संपर्क किया था। आरोपियों ने 100 ग्राम 24 कैरट सोना 11 लाख रुपये में देने का सौदा किया। सोना लेने के लिए आरोपियों ने उन्हें साहिबाबाद बुलाया लेकिन आरोपी बिना सोना दिए असली नोट की गड्डियों से नकली नोट बदलकर 11 लाख रुपये की चपत लगाई थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार विज्ञापन नितेश नाम के व्यक्ति की इंस्टाग्राम आईडी से प्रसारित किया जा रहा था।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत तेलंगाना से आए छात्र-शिक्षकों का कुरुक्षेत्र में भव्य स्वागत



### कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने किया सम्मानित, ब्रह्मसरोवर और ऐतिहासिक धरोहरों ने विद्यार्थियों को किया मंत्रमुग्ध

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 जुलाई । भारत सरकार के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक आदान-प्रदान (कल्चरल एक्सचेंज) के तहत तेलंगाना से 40 सदस्यीय छात्र-शिक्षकों का दल हरियाणा भ्रमण पर कुरुक्षेत्र पहुंचा। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधिकारियों द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित बोर्ड कार्यालय में दल का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अल्केश मोदगिल ने सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया तथा कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

इस अवसर पर बताया गया कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' योजना के अंतर्गत हरियाणा का पार्टनर राज्य तेलंगाना है। इस योजना का उद्देश्य दोनों राज्यों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच सांस्कृतिक, भाषाई एवं सामाजिक समझ को मजबूत करना है। इसी क्रम में तेलंगाना से आए छात्र-शिक्षकों ने कुरुक्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया।

तेलंगाना से आए दल के नोडल अधिकारी जावेद ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां उन्हें जो सम्मान और आत्मीयता मिली, वह अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के सभी छात्र-शिक्षक हरियाणा के लोगों के स्नेह और आतिथ्य से अत्यंत प्रभावित हैं।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ब्रह्मसरोवर की भव्यता, स्वच्छता एवं ऐतिहासिक महत्व को करीब से देखा। एशिया के सबसे बड़े सरोवर के रूप में प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर को देखकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली। साथ ही उन्होंने कुरुक्षेत्र की प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों का अवलोकन कर भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को निकट से जाना। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' जैसी योजनाएं देश की विविध संस्कृतियों को जोड़ने और राष्ट्रीय एकता की भावना को और अधिक मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# युवाओं पर लाठियां बरसाने वाली अहंकारी भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरूः एडवोकेट खोवाल

### हिसार डीसी के जरिए महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन; धांधली और तानाशाही के प्रतीक बन चुके शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करने की मांग

» हरियाणा, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर देश के भविष्य, छात्रों और युवाओं पर मोदी सरकार के इशारे पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज की हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लीगल डिपार्टमेंट ने कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का कत्ल और भाजपा सरकार की हताशा का प्रतीक बताया है। इस दमनकारी नीति के



विरोध में कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपायुक्त हिसार के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर पेपर लीक, परीक्षाओं में धांधली और युवाओं पर अत्याचार की जिम्मेदारी तय करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करने की पुरजोर मांग की।कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल, हिसार जिलाध्यक्ष एडवोकेट रत्तन सिंह पानू और एडवोकेट बजरंग इंदल ने एक सुर में कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल और अराजकता का माहौल है। दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों को बंद करके युवाओं को जिस तरह बंधक बनाने का प्रयास किया गया उसने साबित कर दिया है कि सत्ता के अहंकार में डूबी मोदी सरकार अब देश के नौजवानों की हुंकार से बुरी तरह डर गई है। उन्होंने भाजपा को ललकारते हुए कहा कि इतिहास गवाह है जब-जब युवा जागा है तानाशाहों को गद्दी छोड़नी पड़ी है। लाठियों के दम पर युवाओं की आवाज दबाने की कोशिश करने वाली सरकार के पतन के दिन अब नजदीक आ गए हैं।

# क्या 1,000 का वादा किसी शर्त के साथ आता है: पात्रता



संदीप शर्मा

चुनाव के वादे फिल्म के ट्रेलर जैसे होते हैं। वे सबसे अच्छे सीन दिखाते हैं। डिस्क्लेमर (शर्तें) बाद में आते हैं। जब आम आदमी पार्टी ने पंजाब में प्रचार किया, तो संदेश बहुत सीधा और साफ था: 18 साल से ज्यादा उम्र की हर महिला को हर महीने ₹1,000। यह एक ऐसा नारा था जिसमें हँ३२अस्त्रस्त्र फॉरवर्ड जैसी खूबी थी—छोटा, याद रहने वाला और जिसे गलत समझने की कोई गुंजाइश नहीं थी। फिर सरकार चलाने की बारी आई। और सरकार चलाना, चुनावी रैलियों से अलग, छोटी-छोटी शर्तों (फुटनोट्स) पर ध्यान देता है। इस स्कीम के लिए जारी नोटिफिकेशन में उन लोगों के बारे में क्या कहा गया है जिन्हें बाहर रखा गया है? इनकम-टैक्स देने वाले? बाहर। सरकारी कर्मचारी? बाहर। पेंशन पाने वाले? बाहर। जन-प्रतिनिधि? बाहर। अचानक, 'हर महिला' वाला वादा किसी वादे जैसा कम और किसी मोबाइल ऐप की उन शर्तों जैसा ज्यादा लगने लगा है जिन्हें कोई तब तक नहीं पढ़ता जब तक सब्सक्रिप्शन का पैसा कट न जाए। सरकार को कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सही लोगों तक पहुँचाने का पूरा अधिकार है। जनता का पैसा सीमित होता है, और कोई भी प्रशासन कहीं न कहीं एक सीमा तय किए बिना फायदे नहीं बाँट सकता। यही अर्थशास्त्र है। लेकिन राजनीति बिल्कुल अलग विषय है। राजनीति सादगी को इनाम देती है। नौकरशाही अपवाद निकालने में माहिर होती है। प्रचार के दौर और सरकारी फाइल के बीच कहीं न कहीं, 'हर महिला' वाले वादे के साथ एक स्टार (*) या शर्त जुड़ गई। अब जरा हजारों घरों में होने वाली बातचीत के बारे में सोचिए। 'क्या उन्होंने हर महिला से वादा नहीं किया था?' 'हाँ, ऐसा ही तो था।' 'तो मुझे क्यों नहीं?' 'क्योंकि आप उन लोगों में आती हैं जिन्हें बाहर रखा गया है।' 'क्या मैं राज्य की चीफ सेक्रेटरी हूँ या हरसिमरत कौर बादल जितनी अमीर हूँ?' यहाँ एक अजीब विडंबना है। जिन महिलाओं को बाहर रखा गया है, वे सभी करोड़पति नहीं हैं। कई तो सैलरी पाने वाली प्रोफेशनल हैं जो एटक, बच्चों की स्कूल फीस, बूढ़े माता-पिता की देखभाल और किराने के बिलों—जो सेंसेक्स से भी तेजी से बढ़ रहे हैं—को संभालने में जुटी हैं। ऐसा लगता है कि उनका गुनाह बस इतना है कि वे इनकम-टैक्स रिटर्न भरती हैं। कुछ तो इनकम-टैक्स रिटर्न भी नहीं भरतीं। वे बहुत कम कमाती हैं, फिर भी उन्हें बाहर रखा गया है। बेशक, सरकार यह तर्क दे सकती है कि जो लोग टैक्स देते हैं, उनकी आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होती है। यह एक ऐसी नीति है जिसका बचाव किया जा सकता है। लेकिन अगर पात्रता सूची बनने के बाद के बजाय वोट की गिनती से पहले ही यह बात समझा दी गई होती, तो यह और भी मजबूत राजनीतिक कदम होता। असली मुद्दा 1,000 का नहीं है। यह चुनावी वादे और सरकारी नोटिफिकेशन के बीच का फर्क है। एक ने सबको साथ लेकर चलने की बात की; तो दूसरे ने पात्रता या योग्यता की शर्तें रखीं। शायद अगला चुनाव प्रचार का एक नया तरीका लेकर आए। हर वादे के साथ, आखिर में एक छोटी सी आवाज यह भी कह सकती है: 'शर्तें लागू।' तब तक, कई महिलाएँ शायद यह सोचती रहेंगी कि क्या उन्होंने वादे को गलत समझा—या वादे ने उन्हें गलत समझा। क्योंकि राजनीति में यादें चुनिंदा होती हैं, वादे लचीले होते हैं, और बारीक शर्तें हमेशा तालियाँ बजने के बाद ही लिखी जाती हैं।

# चिंतन-मनन : साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है। जिन लोगों को विरक्ति का पथ प्राप्त है, जो जीवनभर इस पथ पर चलने के लिए कृतसंकल्प हैं, उनके सामने किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं होना चाहिए। पदार्थ जीवन की आवश्यकता की पूर्ति का साधन है, यह भाव जब तक प्रबल रहता है, उसके प्रति आसक्ति पैदा नहीं होती। किंतु जब पदार्थ साध्य बन जाता है, तब व्यक्ति का दृष्टिकोण बदल जाता है। बदला हुआ दृष्टिकोण व्यक्ति को स्वच्छंद बनाता है, सुविधावादी बनाता है और उसे संग्रह की प्रेरणा देता है। स्वच्छंदता, सुविधावाद और संग्रहवृत्ति- ये तीन सकार साधना के विघ्न हैं। साधना के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए इनका सीमाकरण करना ही होगा। वैचारिक स्वतंत्रता का जहां तक प्रश्न है, साधना के साध उसका कोई विरोध नहीं है। पर विचार की स्वतंत्रता की यह अर्थ नहीं है कि व्यक्ति अपनी सीमा, संविधान और परंपरा से विमुख होकर उच्छृंखल बन जाए। उच्छृंखलता या स्वच्छंदता जहां प्रवेश पा लेती है, वहां से अनुशासन, व्यवस्था आदि तत्वों का पलायन हो जाता है। यह स्थिति व्यक्ति और समूह दोनों के लिए हितकर नहीं है। सुविधा के साथ भी साधना का विरोध नहीं है। साधना के नियम जिस सीमा तक स्वीकृति देते हैं, उस सीमा में सहज रूप से कोई सुविधा प्राप्त होती हो तो उसका उपयोग सम्मत है। जैन साधना पद्धति में शरीर को साधने का विधान तो है, पर उसे कष्ट देना कभी अभीष्ट नहीं है।

# विक्रम-1 की सफलता के साथ अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ा भारत का दबदबा



अंतरिक्ष विज्ञान अब केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संचार, मौसम पूवार्नुमान, कृषि, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। ऐसे समय में भारत ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, स्वदेशी तकनीक और दूरदर्शी नीतियों के बल पर जिस प्रकार अंतरिक्ष क्षेत्र में निरंतर सफलता अर्जित की है, वह न केवल प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह संकेत भी है कि भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

विनोद कुमार विक्की

निजी अंतरिक्ष प्रक्षेपण कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित विक्रम-1 की सफलता के पश्चात भारत अमेरिका और चीन के बाद निजी क्षेत्र में आर्बिटल स्थापित करने वाला विश्व का तीसरा देश बन चुका है।18 जुलाई को श्री हरिकोटा से प्रक्षेपण के पांचवें चरण में 450 किमी की ऊंचाई पर पृथ्वी के निचली कक्षा में उपग्रह उपकरण को स्थापित कर विक्रम-1 ने विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। इस सफलता के साथ भारत दुनिया में लघु उपग्रह के प्रक्षेपण को पूर्ण करने में नये विकल्प के रूप में उभरा है। मानव सभ्यता के विकास का इतिहास इस बात का साक्षी है कि जिसने विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर प्रभुत्व स्थापित किया, उसी ने विश्व मंच पर नेतृत्व की भूमिका निभाई। इक्कीसवीं सदी में यह प्रतिस्पर्धा धरती की सीमाओं से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुँच चुकी है। अंतरिक्ष विज्ञान अब केवल वैज्ञानिक जिज्ञासा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, संचार, मौसम पूवार्नुमान, कृषि, आपदा प्रबंधन, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। ऐसे समय में भारत ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा, स्वदेशी तकनीक और दूरदर्शी नीतियों के बल पर जिस प्रकार अंतरिक्ष क्षेत्र में निरंतर सफलता अर्जित की है, वह न केवल प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह संकेत भी है कि भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत की पहली निजी अंतरिक्ष प्रक्षेपण कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस द्वारा विकसित विक्रम-1 प्रक्षेपण यान की सफलता इस यात्रा का एक ऐतिहासिक पड़ाव है। पूर्णतः स्वदेशी डिजाइन और आधुनिक तकनीक से निर्मित इस



प्रक्षेपण यान ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत की निजी कंपनियाँ भी अब वैश्विक स्तर पर अत्याधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी विकसित करने में सक्षम हैं। विक्रम-1 ने पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक उपग्रह उपकरण स्थापित कर न केवल अपनी तकनीकी क्षमता का परिचय दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत अब लघु उपग्रह प्रक्षेपण के वैश्विक बाजार में एक मजबूत और विश्वसनीय विकल्प बनकर उभर रहा है। यह उपलब्धि केवल एक रॉकेट की सफलता भर नहीं है, बल्कि भारत की बदलती अंतरिक्ष नीति और वैज्ञानिक आत्मविश्वास का प्रतीक भी है। वर्षों तक अंतरिक्ष गतिविधियाँ मुख्यतः सरकारी संस्थानों तक सीमित थीं, किंतु अब निजी क्षेत्र के लिए दरवाजे खुलने के बाद भारतीय स्टार्टअप नई ऊर्जा और नवाचार के साथ इस क्षेत्र में उतर रहे हैं। इससे अनुसंधान, रोजगार, निवेश और तकनीकी विकास के नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ती निजी भागीदारी भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अधिक सक्षम बना रही है। वर्ष 2014 के आसपास जहाँ भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ी निजी कंपनियाँ उँगलियों पर गिनी जा सकती थीं, वहीं आज उनकी संख्या सैकड़ों तक पहुँच चुकी है। यह परिवर्तन केवल संख्या का नहीं, बल्कि सोच का भी है। आज भारतीय युवा अंतरिक्ष विज्ञान को केवल सरकारी नौकरी के रूप में नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमिता के विशाल अवसर के रूप में देख रहे हैं। यही कारण है कि भारत वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी लगातार बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है। आने वाले वर्षों में लघु उपग्रह प्रक्षेपण, उपग्रह निर्माण, अंतरिक्ष संचार, पृथ्वी अवलोकन सेवाओं तथा अंतरिक्ष-आधारित डिजिटल तकनीकों में भारत की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण होने की संभावना है।

हालाँकि भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल निजी क्षेत्र की उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (क्रफ्ह) ने पिछले छह दशकों में जो विश्वास अर्जित किया है, वही आज इस सफलता की सबसे मजबूत नींव है। सीमित संसाधनों के बावजूद इसरो ने विश्व को बार-बार यह दिखाया है कि इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मनिर्भर तकनीक के बल पर असंभव लगने वाले लक्ष्य भी प्राप्त किए जा सकते हैं।

वर्ष 2013 में प्रक्षेपित मंगलयान (मार्स ऑर्बिटर मिशन) ने भारत को पहले ही प्रयास में मंगल ग्रह की कक्षा में पहुँचने वाला विश्व का पहला देश बना दिया।

# सदियों पुरानी परंपरा का जीवंत उत्सव है जगन्नाथ रथ यात्रा

योगेश कुमार गोयल

भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं अनादि काल से मानवता को आध्यात्मिकता, समरसता और भक्ति की राह पर चलने की प्रेरणा देती आई हैं। इन्हीं पवित्र परंपराओं में एक है उड़ीसा के पुरी में निकलने वाली जगन्नाथ रथ यात्रा, जो केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि करोड़ों आस्थाओं, परंपराओं और लोक मान्यताओं का प्रतीक है। हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से शुरू हुई यह यात्रा नौ दिनों तक चलती है, जो 24 जुलाई को समाप्त होगी। इस दौरान भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ भव्य रथों पर सवार होकर पुरी के मुख्य मंदिर से निकलकर मौसी के घर गुंडिचा मंदिर तक की यात्रा करते हैं। यह आयोजन न केवल भारत के सबसे प्राचीन धार्मिक उत्सवों में से एक है बल्कि विश्व के सबसे बड़े वार्षिक सार्वजनिक आयोजनों में भी इसकी गिनती होती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से भाग लेने आते हैं। पुरी का जगन्नाथ मंदिर भारत के चार प्रमुख धामों (बद्रीनाथ, द्वारका, रामेश्वरम और पुरी) में से एक है। यह मंदिर न केवल वास्तुकला की दृष्टि से विशिष्ट है बल्कि इसकी महत्ता धार्मिक ही नहीं, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी अत्यंत विशिष्ट है। भगवान जगन्नाथ को विष्णु के अवतार के रूप में पूजा जाता है और यह मंदिर उनके भाई बलभद्र तथा बहन सुभद्रा के साथ विराजने वाले एकमात्र मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है। रथ यात्रा के माध्यम से यह 'त्रिदेव' जब मंदिर की सीमाओं से बाहर निकलते हैं तो भक्तों के



लिए यह अवसर होता है प्रभु को निकट से देखने, उनके रथ को खींचने और मोक्ष की दिशा में एक कदम बढ़ाने का। इस रथ यात्रा की परंपरा का उल्लेख स्कंद पुराण, ब्रह्म पुराण और अन्य पुरातन ग्रंथों में मिलता है। मान्यता है कि रथ यात्रा में भाग लेने और विशेषकर रथ खींचने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिलती है। यह यात्रा मानवीय समर्पण और भक्ति की पराकाष्ठा का जीवंत प्रदर्शन है, जहां हर कोई, चाहे वह राजा हो या आमजन, एक ही पंक्ति में खड़ा होकर भगवान की सेवा करता है।

रथ यात्रा की सबसे अनूठी परंपरा है 'छेरा' की रस्म। यह रस्म रथ यात्रा के पहले दिन पुरी के राजा द्वारा निभाई जाती है, जिसमें वे सोने की झाड़ू से तीनों रथों की सफाई करते हैं। इस परंपरा का आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश अत्यंत गहन है। एक राजा, जो स्वयं राज्य का सर्वोच्च होता है, भगवान के समक्ष स्वयं को एक सेवक मानकर झाड़ू लगाता है। यह प्रतीक है भगवान के समक्ष सभी के समान होने का, जहां न कोई ऊंचा है, न कोई नीचा। यह सामाजिक समरसता का वह आदर्श उदाहरण है, जो आज के समाज में अत्यंत आवश्यक है। जब लाखों की भीड़ 'जय जगन्नाथ' के उद्घोष के साथ इन रथों को खींचती है, तब वह केवल रथ नहीं खींच रही होती, वह अपनी भक्ति, आस्था, सेवा और आत्मशुद्धि की भावना को आगे बढ़ा रही होती है।

भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के रथों को नंदीघोष, तालध्वज और दर्पदलन कहा जाता है, जिन्हें हर वर्ष नए सिरे से विशेष प्रकार की नीम की लकड़ी से निर्मित किया जाता है।

इन रथों का निर्माण विशेष रीति-रिवाज और शास्त्र सम्मत विधियों से होता है, जिसमें सैंकड़ों शिल्पकार और सेवक कई महीनों तक जुटे रहते हैं। हर रथ की अपनी आकृति, रंग, ध्वज और प्रतीक होते हैं, जो देवताओं के स्वरूप और गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। रथों की ऊंचाई और आकृति निश्चित नियमों के अनुसार होती है। नंदीघोष रथ की ऊंचाई लगभग 45 फीट होती है और इसमें 16 चक्के होते हैं।

तालध्वज रथ में 14 चक्के होते हैं और इसकी ऊंचाई लगभग 44 फीट होती है। दर्पदलन रथ सबसे छोटा होता है, जिसमें 12 चक्के होते हैं और यह लगभग 43 फीट ऊंचा होता है। यात्रा के दौरान तीनों रथों को श्रीमंदिर से गुंडिचा मंदिर तक खींचा जाता है और वहां सात दिनों तक भगवान विश्राम करते हैं। यह यात्रा किसी साधारण जुलूस की तरह नहीं होती बल्कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही ऐसी आध्यात्मिक परंपरा है, जिसे केवल आंखों से नहीं, आत्मा से अनुभव किया जाता है।

# किआ सिरोस ईवी की बुकिंग मात्र 25 हजार रुपए से प्रारंभ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई




भारतीय बाजार में किआ इंडिया ने अपनी नई इलेक्ट्रिक वाहन, किआ सिरोस ईवी से आधिकारिक तौर पर पर्दा उठा दिया है। इस कार की बुकिंग 25,000 रुपये की टोकन राशि पर शुरू हो गई है। सिरोस ईवी एक बार फुल चार्ज होने पर अधिकतम 526 किलोमीटर तक की प्रमाणित रेंज प्रदान करने का दावा करती है, जो इसे अपने वर्ग में 500 किलोमीटर से अधिक की रेंज देने वाली पहली ईवी कार बनाती है। यह दो बैटरी विकल्पों में उपलब्ध होगी: 42 किलोवाट-घंटा क्षमता वाली बैटरी 443 किलोमीटर और 51.4 किलोवाट-घंटा बैटरी 526 किलोमीटर की रेंज देगी। बड़ी बैटरी के साथ आने वाली मोटर 171 अश्वशक्ति उत्पन्न करती है, जो इसे 8.1 सेकंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम बनाती है। चार्जिंग के लिए इसमें 100 किलोवाट का तीव्र आवेशण समर्थन है, जिससे बैटरी 10 से 80 प्रतिशत तक केवल 39 मिनट में चार्ज हो सकती है। कंपनी ने उच्च वोल्टेज बैटरी पर आजीवन वारंटी (अधिकतम 15 वर्ष) की घोषणा की है, साथ ही सुनिश्चित पुनर्खरीद योजना और बैटरी सेवा आधारित वित्त सुविधा भी प्रदान की जाएगी। किआ के के-चार्ज नेटवर्क के माध्यम से देशभर में 20,300 से अधिक चार्जिंग केंद्रों का उपयोग एक ही डिजिटल भुगतान व्यवस्था से किया जा सकेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि सिरोस ईवी को ग्राहकों की चिंताओं जैसे रेंज और बैटरी आयु को ध्यान में रखकर बनाया गया है। डिजाइन के मामले में, सिरोस ईवी में कंपनी की नई ईवी शैली अपनाई गई है, जिसमें डिजिटल टाइगर फेस और 30 इंच का ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले प्रमुख हैं।

# हुंडई मोटर इंडिया ने 30,000 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग पॉइंट्स तक पहुंच उपलब्ध कराई



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई

देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि अब इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उपयोगकर्ता उसके माई हुंडई ऐप के माध्यम से देशभर में 30,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट्स तक पहुंच बना सकेंगे। इसके साथ ही, एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध भारत के सबसे बड़े एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग नेटवर्क में से एक का लाभ ग्राहकों को मिलेगा। कंपनी ने बताया कि यह प्लेटफॉर्म प्रमुख चार्ज प्वाइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) और सेवा प्रदाताओं के सहयोग से विकसित किया गया है तथा यह सभी ब्रांडों के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए उपलब्ध है।

नजदीकी चार्जिंग स्टेशन खोजने के अलावा, माई हुंडई ऐप के जरिए उपयोगकर्ता चार्जिंग स्टेशन तक नेविगेट कर सकते हैं, पहले से चार्जिंग स्लॉट बुक कर सकते हैं और एकीकृत इंटरफेस के माध्यम से डिजिटल भुगतान भी कर सकते हैं।

एचएमआईएल ने कहा कि यह एकीकृत नेटवर्क देशभर में औसतन 25 किलोमीटर के दायरे में चार्जिंग सुविधाओं तक पहुंच उपलब्ध कराता है। इसमें दिल्ली-गुरुग्राम-जयपुर, मुंबई-पुणे-बेंगलुरु, मुंबई-रत्नागिरी-गोवा, चेन्नई-वेल्लोर-बेंगलुरु और हैदराबाद-कर्नूल-बेंगलुरु जैसे प्रमुख राजमार्ग कॉरिडोर भी शामिल हैं।

एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने कहा कि भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में चार्जिंग अवसंरचना एक महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा, 'माई हुंडई ऐप पर 30,000 से अधिक चार्जिंग प्वाइंट्स को एकीकृत कर हम ईवी उपयोगकर्ताओं को एक ही प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत के सबसे बड़े चार्जिंग नेटवर्क में से एक तक पहुंच उपलब्ध करा रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह प्लेटफॉर्म सभी ब्रांडों के ईवी मालिकों के लिए खुला है, जो भारत के व्यापक इलेक्ट्रिक वाहन इकोसिस्टम के विकास के प्रति एचएमआईएल की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।'

## संक्षिप्त खबरें

### भारत-स्पेन में डिजिटल भुगतान एकीकरण पर तेजी

नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई

भारत और स्पेन ने अपनी डिजिटल भुगतान प्रणालियों, भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और स्पेन के डिजिटल भुगतान मंच 'बिजुम' को एकीकृत करने की दिशा में बातचीत तेज करने पर सहमति व्यक्त की है। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह महत्वपूर्ण निर्णय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की हालिया स्पेन यात्रा के दौरान हुई उच्च-स्तरीय बैठकों में लिया गया।

### डेंगू से मिलेगी राहत, भारत को मिला पहला टीका क्यूडेंगा

नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई

देश में डेंगू की रोकथाम को बड़ी मजबूती मिली है। टाकेडा बायोफार्मास्यूटिकल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) से डेंगू के टीके 'क्यूडेंगा' के विपणन की मंजूरी मिल गई है। यह भारत में स्वीकृत होने वाला पहला डेंगू-रोधी टीका है। जापान की प्रमुख जैव-औषधि कंपनी टाकेडा की भारतीय इकाई को यह ऐतिहासिक मंजूरी मिली है। यह टीका 4 से 60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में डेंगू के संक्रमण को रोकने के लिए उपयोग किया जाएगा। इसकी एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसे उन लोगों को भी लगाया जा सकता है जिन्हें पहले कभी डेंगू हुआ हो या न हुआ हो, और टीकाकरण से पहले किसी जांच की आवश्यकता नहीं होगी।

### चीन के केंद्रीय बैंक ने ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव

नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई

चीन के केंद्रीय बैंक पीपल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी) ने जुलाई 2026 में अपनी प्रमुख लोन ब्याज दरों (एलपीआर) को लगातार 14वीं बार अपरिवर्तित रखा है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब देश की अर्थव्यवस्था कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिसमें धीमी वृद्धि और रियल एस्टेट सेक्टर पर गहरा दबाव शामिल है। बैंक ने एक साल की लोन प्राइम रेट (एलपीआर) को 3.0 फीसदी और पांच साल की एलपीआर को 3.5 फीसदी पर बरकरार रखा है। चीन की अर्थव्यवस्था दूसरी तिमाही (अप्रैल से जून) में 2022 की चौथी तिमाही के बाद सबसे कमजोर वृद्धि दर दर्ज कर चुकी है.

# भारत के लिए 'सफेद सोना' बन रहा कॉटन, ग्लोबल फाइबर उत्पादन में हिस्सेदारी करीब 19 प्रतिशत रही



» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई

भारत कॉटन के रकबे के मामले में भारत दुनिया में पहले और उत्पादन व खपत के मामले में दूसरे स्थान पर है। वित्त वर्ष 2025-26 में देश का कॉटन उत्पादन 290.91 लाख गांठ रहा, जबकि इसी दौरान घरेलू खपत 328 लाख गांठ तक पहुंच गई। यह जानकारी एक आधिकारिक फैक्टशीट में दी गई। सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि इस क्षेत्र की ग्लोबल फाइबर उत्पादन में हिस्सेदारी करीब 19 प्रतिशत की है। कॉटन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा हाल के वर्षों में उठाए गए कदम मुख्य रूप से उत्पादकता, गुणवत्ता, बाजार तक पहुंच और मूल्य संवर्धन पर केंद्रित हैं।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के तहत खरीद अभियान बाजार में कीमतों में गिरावट के दौरान किसानों को मूल्य समर्थन प्रदान करते हैं। वहीं, कॉटन प्रोडक्टिविटी मिशन का लक्ष्य वर्ष 2031 तक कपास उत्पादन को बढ़ाकर 498 लाख गांठ (बेल) तक पहुंचाना है। सरकार के अनुसार, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन, डिजिटल खरीद प्रणाली और ट्रेसबिलिटी (उत्पाद की स्रोत तक पहचान) जैसी पहल भारतीय कॉटन की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत कर रही हैं। इन प्रयासों से उत्पादकता बढ़ रही है, गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और वैश्विक कपास अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति और मजबूत हो रही है।

भारत में आर्थिक महत्व के कारण कपास को 'सफेद सोना' भी कहा जाता है। देशभर में लगभग 114.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कॉटन की खेती होती है, जिससे करीब 60 लाख कपास किसानों की आजीविका जुड़ी हुई है। इसके अलावा, कॉटन प्रोसेसिंग, व्यापार और अन्य संबंधित गतिविधियों में लगे 4 से 5 करोड़ लोगों को भी इससे रोजगार मिलता है। वस्त्र निर्माण के अलावा, कॉटन फाइबर, सूत, कपड़े और परिधानों के निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा अर्जित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत वैश्विक कपास व्यापार में अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है।

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अनुमानित 18 लाख गांठ (0.31 मिलियन मीट्रिक टन) कॉटन का निर्यात किया। यह वैश्विक कुल कॉटन निर्यात 541.69 लाख गांठ (9.21 मिलियन मीट्रिक टन) का लगभग 3.37 प्रतिशत है, जो अंतरराष्ट्रीय कॉटन बाजार में भारत की महत्वपूर्ण निर्यातक के रूप में भूमिका को दर्शाता है।

भारत दुनिया के कई प्रमुख बाजारों में कॉटन का निर्यात करता है, जो भारतीय कपास की मजबूत और विविध वैश्विक मांग को दर्शाता है। मूल्य के आधार पर देखें तो वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कॉटन निर्यात 11.49 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

# सिर्फ 25 भारतीयों को मिलेगी शॉटगन 650 रफ क्राफ्ट्स बाइक

नईदिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई। महंगी बाइक बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड ने अपनी बेहद खास और सीमित संस्करण वाली मोटरसाइकिल शॉटगन 650 रफ क्राफ्ट्स एडिशन का अनावरण किया है। भारतीय ग्राहकों के लिए यह और भी रोमांचक है, क्योंकि इन 100 यूनिट्स में से केवल 25 ही भारत में बेची जाएंगी। यह मोटरसाइकिल अपनी विशिष्टता और दुर्लभता के कारण खास महत्व रखती है, क्योंकि दुनियाभर में इसकी केवल 100 यूनिट्स ही बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। कंपनी इसे ड्रॉप सेल के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचाएगी, जो 30 जुलाई को सुबह 7 बजे शुरू होगी। इस विशेष सेल में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक खरीदारों को पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

# भारत में एनआरआई इनफ्लो के चलते वित्त वर्ष 27 में डिपॉजिट वृद्धि दर 15 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद : रिपोर्ट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई



देश में गैर-निवासी भारतीय (एनआरआई) और एफसीएनआर-बी इनफ्लो से बैंक डिपॉजिट की वृद्धि दर वित्त वर्ष 27 में 15 प्रतिशत पहुंच सकती है। हालांकि, इस दौरान क्रेडिट वृद्धि दर भी मजबूत रहेगी। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में बतायागयाकि अभी तक एफसीएनआर-बी डिपॉजिट के जरिए अब तक करीब 13-14 अरब डॉलर जुटाए जा चुके हैं, जिससे चालू वित्त वर्ष में देश के बैंकों का डिपॉजिट आधार मजबूत हुआ है। हालांकि, इस दौरान की वित्त वर्ष 23 से जारी ट्रेंड के मुताबिक क्रेडिट वृद्धि दर डिपॉजिट से अधिक रहेगी। 30 जून को खत्म हुए पखवाड़े में, बैंक क्रेडिट में सालाना आधार पर 18.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि कुल डिपॉजिट राशि में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे क्रेडिट-डिपॉजिट का अंतर बढ़कर 5.3 प्रतिशत अंक हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह लगातार बना हुआ अंतर कोविड-19 महामारी के बाद जमा राशि जुटाने और क्रेडिट की मांग में आए संरचनात्मक बदलावों को दर्शाता है, न कि लिक्विडिटी के अस्थायी असंतुलन को। रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़े महानगरों में पारंपरिक जमा बाजार अब सैचुरेटेड हो चुके हैं, और जमा राशि में वृद्धि अब अर्ध-शहरी और ग्रामीण इलाकों की ओर बढ़ रही है। ऐसा परिवारों की बढ़ती आय, महिलाओं पर केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं के विस्तार के कारण हो रहा है।

# कम बजट वाला नया ईवी स्कूटर सोकुडो एक्यूट 2.2 लांच

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई



कम बजट वाला नया ईवी स्कूटर सोकुडो एक्यूट 2.2 लांच किया है जो 100 किलोमीटर की रेंज वाला है, जो कि एक लाख रुपए कीमत में उपलब्ध है। कंपनी ने इसे आधुनिक डिजाइन, लंबी रेंज और उन्नत सुविधाओं के साथ खासकर शहर के दैनिक आवागमन के लिए उतारा है। दावा है कि यह स्कूटर एक बार फुल चार्ज होने पर लगभग 100 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है, जो रोजाना कार्यालय या कॉलेज जाने वालों के लिए सुविधाजनक है। इसमें 2.2 किलोवाट-घंटा की एलएफपी बैटरी है, जिसे पूरी तरह चार्ज होने में लगभग 4 से 5 घंटे लगते हैं। स्कूटर को 2300 वॉट की ब्रशलेस डीसी हब मोटर शक्ति देती है, जो अधिकतम 70 किलोमीटर प्रति घंटा की गति तक पहुंचने में सक्षम है। ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इसमें इको, नॉर्मल और स्पोर्ट जैसे तीन राइडिंग मोड दिए गए हैं। पार्किंग या संकरी जगहों पर आसानी के लिए रिवर्स मोड भी उपलब्ध है। डिजाइन की बात करें तो, सोकुडो एक्यूट 2.2 में गोल एलईडी हेडलाइट, आकर्षक एलईडी लाइटें, बड़ा टेललैंप और एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलता है। इस डिस्प्ले पर गति, बैटरी स्तर और तय की गई दूरी जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां आसानी से देखी जा सकती हैं। आराम और सुरक्षा के लिए इसमें 12 इंच के ट्यूबलेस अलॉय व्हील, सामने डिस्क ब्रेक और 165 मिलीमीटर का ग्राउंड क्लीयरेंस दिया गया है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# हैंडमेड प्रोडक्ट को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा सकता है सहकारिता: सुभाष सुधा

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 20 जुलाई । हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि सहकारिता के साथ जुडकर प्रत्येक नागरिक अपना जीवन बदल सकता है, क्योंकि हैंडमेड प्रोडक्ट को जन-जन तक पहुंचाने में सहकारिता अहम भूमिका निभा सकता है। इससे स्वयं सहायता समूह और अन्य स्वरोजगार करने वालों को बहुत लाभ होगा। इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार पूरी मदद कर रही है।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा सोमवार को गीता ज्ञान संस्थान में हरियाणा राज्य सहकारी विकास प्रसंघ लिमिटेड (हरकोफैड) द्वारा आयोजित सहकारिता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय सहकारिता विचार गोष्ठी में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन सुभाष कलसाना, चेयरमैन रविंद्र सांगवान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरकोफैड की तरफ से अतिथियों को पौधे भेंटकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। धुराला पैक्स व हैफैड की ओर से आयोजित प्रदर्शनी व स्टॉल का



निरीक्षण किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि युवाओं आगे बढने के लिए विजन तय करके मन में लक्ष्य लेकर आगे बढ़े। सरकार ने युवाओं को सहकारिता के माध्यम से इतने विकल्प दिए हैं, जिससे युवाओं को नौकरी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है। सहकारिता अपनाकर दूसरों को रोजगार देने वाले बन सकते हैं। सब एक के लिए और एक सबके लिए यही सहकारिता का उद्देश्य है। कुरुक्षेत्र जिला में ऐसा कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा, चेयरमैन सुभाष कलसाना का धन्यवाद किया।

चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश के हर कोने तक सबका सहयोग करने का बीड़ा उठाते हुए सहकारिता विभाग का गठन किया और सहकारिता से समृद्धि और समृद्धि से आत्मनिर्भरता बनाने का संकल्प लिया।

इसी सहकारिता के सपने को साकार करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग सहकारिता के साथ जुडकर अपना व्यवसाय कर सकते हैं। सहकारिता युवाओं की कला को निखाकर उन्हें रोजगार देने वाला नागरिक बना रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### ठगी के लिए बैंक खाता उपलब्ध कराने में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** टेलीग्राम पर निवेश के नाम पर 2.71 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार किए है। गिरफ्तार हुए आरोपी की पहचान हापुड़ के मिल्क गांव निवासी सौरभ तोमर और जिला चित्रकूट के गुरेला गांव निवासी विजय कुमार त्रिपाठी के रूप में हुई है। 20 मार्च को पुलिस को पीड़ित ने दी शिकायत में बताया था कि उन्हें फेसबुक के माध्यम से टेलीग्राम चैनल से जोड़ा गया था। ऑनलाइन टास्क पूरे कर कमीशन कमाने का लालच देकर उनसे 2.11 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों आरोपी को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर से गिरफ्तार किया है।पुलिस पूछताछ में पता चला कि ठगी गई राशि में से 30 हजार रुपये सौरभ तोमर के बैंक खाते में आए थे। आरोपी सौरभ ने पूछताछ में बताया कि उसने अपना बैंक खाता पांच हजार रुपये में आरोपी विजय कुमार त्रिपाठी को उपलब्ध कराया था। आरोपी विजय कुमार त्रिपाठी ने बैंक खाते को आगे साइबर ठगी करने वाले अन्य व्यक्तियों को 10 हजार रुपये में बेच दिया था।

### महिला एचआर को अश्लील मैसेज भेजने वाला गिरफ्तार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** निजी कंपनी में कार्यरत महिला एचआर को व्हाट्सएप पर अश्लील मैसेज भेजने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए आरोपी की पहचान मथुरा के वृंदावन के मधुबन कॉलोनी निवासी पुनीत बरेजा के रूप में हुई है। 21 मई को महिला एचआर ने शिकायत दी थी। शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। महिला एचआर ने शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर (एचआर) के पद पर कार्यरत है। आरोपी ने कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान उससे बात हुई थी। 20 मई को आरोपी ने उनके व्हाट्सएप पर गाली-गलौज करते हुए अश्लील भाषा का प्रयोग किया। इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी। इससे उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर डर लगने लगा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक निजी कंपनी के लिए वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से आईटी इंजीनियर के रूप में कार्य करता है। उसने शिकायत करने वाली महिला की कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद के लिए आवेदन किया था, जिसके माध्यम से उसका महिला शिकायतकर्ता से संपर्क हुआ।

# गाजियाबाद की 6 कॉलोनियां जलमग्न, पलायन शुरू

» गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई

गाजियाबाद में हिंडन नदी पर नूरनगर-सिंघानी की ओर शनिवार शाम बंधा टूट गया। जिससे रविवार को करहेड़ा की आधा दर्जन कॉलोनियों के लिए मुसीबत बन गया। रातभर पानी आवासीय क्षेत्रों की ओर बढ़ता रहा।

दोपहर तक केशव एन्क्लेव, ऊधम सिंह कॉलोनी, शिवम एन्क्लेव, सिटी फॉरेस्ट कॉलोनी, कृष्णा कुंज और नूरनगर की गलियों में पानी घुस गया। 50 से अधिक मकान इसकी चपेट में आ गए।

### घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील

हालात बिगड़ते देख जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में मुनादी कराकर लोगों से घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की। करहेड़ा कंपोजिट विद्यालय में राहत शिविर बनाया गया है, जबकि लोगों के सामान की निकासी के लिए ट्रैक्टर भी तैनात किए गए हैं। इस बीच नदी का जलस्तर कुछ कम हुआ है, लेकिन लोगों में खौफ बरकरार है।



### अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

पिछले एक सप्ताह से हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ रहा था। चार दिन पहले सिटी फॉरेस्ट कॉलोनी में पानी भरना शुरू हो गया था। शनिवार शाम नदी से जलकुंभी हटाने के दौरान नूरनगर-सिंघानी की ओर पानी रोकने के लिए एडीएम अंजनी कुमार, तहसीलदार रितेश कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टीम ने पहले ऊर्जा निगम कार्यालय का जायजा लिया, जहां पानी भर रहा था। इसके बाद टूटे बंधे का निरीक्षण कर सिंचाई विभाग को मिट्टी डलवाकर कटाव रोकने के निर्देश दिए।

### हरसंभव राहत का भरोसा

अधिकारियों ने कई प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव राहत का भरोसा दिलाया। वहीं, सिटी फॉरेस्ट कॉलोनी और शिवम एन्क्लेव के लोगों ने पानी की निकासी के लिए अपने खर्च पर नदी और खेतों में फैली जलकुंभी हटवाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन दूसरी ओर सफाई करा रहा था, इसलिए कॉलोनी के लोगों ने एक-एक हजार रुपये का सहयोग जुटाकर निजी स्तर पर सफाई कराई, ताकि पानी का बहाव सुचारु हो सके।

### सड़क अधूरी होने से मेडिकल कॉलेज की द्वारका एक्सप्रेसवे से सीधी कनेक्टिविटी अटकी

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

सेक्टर-102ए स्थित श्री शीतला माता देवी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को द्वारका एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाली सड़क अधूरी है। करीब 10-15 मीटर हिस्से में सड़क नहीं बनने से छह लेन की पूरी सड़क का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जीएमडीए ने कॉलेज से द्वारका एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाली सड़क को तैयार करा लिया है। छह लेन की इस सड़क पर लेन मार्किंग और रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। चमचमाती इस सड़क का अधिकांश हिस्सा तैयार हो चुका है, लेकिन एक छोटे से जमीन के टुकड़े पर निर्माण नहीं होने के कारण एक्सप्रेसवे से सीधा संपर्क स्थापित नहीं हो सका है।

# प्रॉपर्टी डीलर पर फायरिंग के आरोपी शार्पशूटर गिरफ्तार

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

दिल्ली के आउटर जिले में स्पेशल स्टाफ और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक गैंग के दो शार्पशूटर गिरफ्तार किए गए। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की जिसके जवाब में हुई कार्रवाई में दोनों के पैरों में गोली लगी। घायल हालत में दोनों को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी तीन जुलाई को हरियाणा के बहादुरगढ़ में एक प्रॉपर्टी डीलर के घर पर की गई फायरिंग की वारदात में वांटेड थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों और वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। दोनों शार्पशूटर बीते तीन जुलाई को हरियाणा के बहादुरगढ़ में हुई



एक बड़ी वारदात में शामिल थे। बता दें इन आरोपियों ने वहां के एक नामी प्रॉपर्टी डीलर के घर पर अंधाधुंध फायरिंग की थी, जिसके बाद से ही हरियाणा और दिल्ली पुलिस इन आरोपियों की खोज में जुटी हुई थी। बताया जा रहा है कि इन आरोपियों ने रंगदारी या दहशत फैलाने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया था। हालांकि इस वारदात में परिवार के किसी सदस्य को कोई हानि नहीं पहुंची थी, मगर परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ था। ये घटना तीन जुलाई की है, जब हरियाणा के बहादुरगढ़ के एक प्रॉपर्टी कारोबारी के घर पर बाइक सवार दो बदमाशों ने अचानक से आकर फायरिंग करना शुरू कर दिया था। कई राउंड फायरिंग करने के बाद बदमाश फरार हो गए थे। इस घटना के बाद से परिवार के लोग काफी दहशत में थे। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। साथ ही पुलिस ने कारोबारी के घर के ईर्द-गिर्द निगरानी भी बढ़ा दी। कुछ दिनों की मशक्कत के बाद दिल्ली पुलिस को इस मामले में बड़ी कामयाबी मिली और पुलिस ने इस मामले में वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### निर्माणाधीन मकान से बिजली उपकरण चोरी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** मधुबन-बापूधाम इलाके के मोरटा गांव में निर्माणाधीन दो मकानों से चोर बिजली उपकरण चोरी कर ले गए। इनकी कीमत लाखों में बताई गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। मोरटा निवासी शुभम ने बताया कि वह अपने मकान का निर्माण करा रहे हैं। पास में ही दूसरे मकान का निर्माण भी चल रहा है। दोनों मकानों से रात में चोरों ने सोलर ऊर्जा की प्लेट, पेंट की बाल्टी, तार आदि सामान चोरी कर लिया। सुबह जब वह मकान पर पहुंचे तो इसका पता चला।

### कांवड़ यात्रा में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था के लिए सुझाव

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** इंदिरापुरम थाने में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों के साथ रविवार को बैठक की। थाना प्रभारी अजय चौधरी ने सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने अपने सुझाव दिए। इंदिरापुरम वेलफेयर एसोसिएशन के संयोजक धीरज शर्मा ने यातायात निरीक्षक के सामने प्रमुख स्थानों पर यातायात व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का सुझाव रखा।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर फूटा निवासियों का गुस्सा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर रविवार को नेहरू नगर स्थित इम्पीरियल गुलमोहर वसंत के निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने बिल्डर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारे लगाए। इस मौके पर निवासियों ने कहा कि फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिकल एवं स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट, लिफ्ट सुरक्षा प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक सुरक्षा मानक लंबे समय से लंबित हैं। बार-बार शिकायत और पत्राचार के बावजूद इन गंभीर मुद्दों पर आज तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

# रोजगार विभाग द्वारा व्यवसायिक मार्गदर्शन हेतु कैरियर वार्ता का आयोजन

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 20 जुलाई । रोजगार विभाग, पानीपत द्वारा प्रदेश भर में 24 जुलाई 2026 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत सहायक रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव द्वारा सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पट्टीकल्याणा, समालखा में प्रातः 10 बजे व्यावसायिक मार्गदर्शन हेतु कैरियर वार्ता का आयोजन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों को मेहनत करके प्रशासनिक स्तर की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थी अपनी रुचि व क्षमता को ध्यान में रखकर लक्ष्य निर्धारित करें और पूरी लगन व परिश्रम




से उसकी प्राप्ति में जान लगा दें तो परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है। सहायक रोजगार अधिकारी डॉ निकिता यादव ने 12वीं कक्षा के बाद कैरियर को लेकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि 11वी व 12वीं के बाद अपनी क्षमता अनुसार विषयों का चयन करके विभिन्न कोर्सिज में दाखिला लेकर पूर्ण प्लानिंग बनाकर लक्ष्यों को पूर्ण कर सकते है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में विभिन्न प्रकार के सरकारी पदों से संबंधित योग्यता एवम आयु सीमा बारे जानकारी दी। इसके अतिरिक्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रिंसिपल पूजा ने बताया कि करियर के चुनाव अभिरुचि व आत्मप्रेरित हो कर की गयी योजनाबद्ध मेहनत लक्ष्य प्राप्ति को सुनिश्चित करती है।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# मेरा मकसद बच्चे पैदा करने से रोकना नहीं था: माधुरी ग्रोवर



हाल ही में रियलिटी शो लॉक अप: सच या सजा की पूर्व कंटेस्टेंट माधुरी ग्रोवर अपने एक बयान को लेकर लोगों के निशाने पर आ गई थीं। शो के दौरान उन्होंने कहा था, जितने गरीब लोग बच्चे पैदा करेंगे, उतनी ही गरीबी बढ़ेगी। अब शो से बाहर आने के बाद माधुरी ग्रोवर ने इस पूरे मामले पर अपनी सफाई पेश की है।

उन्होंने कहा कि उनकी बात को गलत समझा गया और उनका मकसद किसी भी व्यक्ति को बच्चे पैदा करने से रोकना नहीं था। माधुरी ने जोर देकर कहा कि वह लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित कर रही थीं, न कि उन्हें रोकने के लिए। दरअसल, लॉक अप शो के दौरान माधुरी ग्रोवर ने खुलासा किया था कि उन्हें तीसरा बच्चा न होने का मलाल है। उन्होंने शो पर कहा था कि, तीसरा बच्चा आपको जवान रखता है। अगर आप शाहरुख खान समेत सभी अमीर लोगों को देखें, तो उनके तीसरा बच्चा है। हम दो हमारे दो वाली कहावत हर किसी पर लागू नहीं होती। जितने अमीर लोग जितने बच्चे पैदा करेंगे, उतनी ही अमीरी बढ़ेगी, जितने गरीब लोग बच्चे पैदा करेंगे, उतनी ही गरीबी बढ़ेगी। उनके इस बयान को लेकर सोशल मीडिया पर काफी हंगामा हुआ और उन्हें लगातार ट्रोल किया जा रहा है। अशनीर ग्रोवर की पत्नी माधुरी ग्रोवर ने बातचीत में अपने बयान को लेकर विस्तार से बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह लोगों को बच्चे पैदा करने से रोकने की बात नहीं कर रही थीं, बल्कि उनका कहना था कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ज्यादा बच्चों के बारे में सोचना चाहिए। माधुरी ने कहा, मैं ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात कर रही थी। मैंने किसी को भी बच्चे पैदा करने से नहीं रोका।

जब उनसे पूछा गया कि भारत में कई सफल लोग ऐसे हैं, जिन्होंने गरीबी से निकलकर बड़ा मुकाम हासिल किया है, तो उनके बयान के पीछे का तर्क क्या था, इस पर माधुरी ने जवाब दिया। उन्होंने कहा, मेरी बात का संबंध अमीर और गरीब में अंतर करने से नहीं है।

मैं सिर्फ यह कहना चाहती थी कि लोगों को परिवार बढ़ाने के बारे में सोचना चाहिए। खासतौर पर अमीर लोगों को भी इस बारे में विचार करना चाहिए। मुझे खुद इस बात का अफसोस है कि मैंने ज्यादा बच्चे नहीं किए और इसी वजह से मैं यह बात कह रही थी।



## अदा शर्मा गजरा से मराठी सिनेमा में रखेगी कदम

बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा अब फिल्म गजरा से मराठी सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। यह कदम उनके करियर में एक नया आयाम जोड़ेगा और उनकी बहुमुखी प्रतिभा को और भी सशक्त करेगा। हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि जब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत की थी, तब उनके पिता ने उन्हें एक खास और दूरदर्शी सलाह दी थी कि उन्हें भारत की हर भाषा की फिल्म में काम करना चाहिए। यह सलाह उनके अभिनय यात्रा का मार्गदर्शक बनी है। अभिनेत्री ने अपने पिता द्वारा दी गई उस अनमोल सलाह को याद करते हुए बताया, जब मैंने अपने पिता से कहा कि मैं एक्ट्रेस बनना चाहती हूं तो उन्होंने मुझसे कहा था कि तुम्हें भारत की हर भाषा में एक फिल्म जरूर करनी चाहिए। हर राज्य की अपनी संस्कृति होती है, हर भाषा की अपनी बारीकियां होती हैं। तुम्हारे लिए हर भाषा और हर फिल्म में एक नया किरदार निभाना एक बड़ा और दिलचस्प चुनौतीपूर्ण अनुभव होगा। इस सलाह ने अदा को विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के किरदारों को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्हें एक कलाकार के रूप में विकसित होने का मौका मिला।



## रकुल प्रीत सिंह ने अपनाया चैलेंज

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने वाटस ऑन योर प्लेट चैलेंज को स्वीकार कर फिल्म द इंडिया स्टोरी से प्रेरित इस महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का हिस्सा बन गई हैं। काजल अग्रवाल द्वारा नॉमिनेट किए जाने के बाद, रकुल ने सोशल मीडिया पर अपनी थाली की एक झलक साझा करते हुए लोगों से रोजाना खाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर ध्यान देने की अपील की। रकुल ने काजल अग्रवाल का धन्यवाद करते हुए बताया कि उनकी थाली में साफ-सुथरा और संतुलित भोजन था, जो इस फिल्म के संदेश के अनुरूप है। उन्होंने इस चैलेंज को आगे बढ़ाते हुए जैकी भगनानी और तमन्ना भाटिया को नॉमिनेट किया, ताकि यह महत्वपूर्ण बातचीत और अधिक लोगों तक पहुंचे। वाटस ऑन योर प्लेट चैलेंज सोशल मीडिया पर लगातार लोकप्रिय हो रहा है। इस पहल के तहत लोगों को अपनी थाली की तस्वीर साझा करने के साथ-साथ भोजन की गुणवत्ता, खेती में कीटनाशकों के इस्तेमाल और फूड सेफ्टी जैसे अहम मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह अभियान लोगों को यह सोचने के लिए प्रोत्साहित करता है कि उनका भोजन कहां से आता है और उनकी थाली तक पहुंचने से पहले उसकी गुणवत्ता कैसी होती है।





## प्रियंका बोली उम्र मायने नहीं रखती

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में जोनस ब्रदर्स के लेटेस्ट पॉडकास्ट पर अपने पति निक जोनस के साथ अपने 10 साल के एज गैप पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके और निक जोनस के रिश्ते में उम्र का यह फासला कभी कोई मुद्दा नहीं बना। पॉडकास्ट के दौरान, एक कॉलर ने प्रियंका से अपने से छोटे उम्र के पार्टनर के साथ रिश्ते में आत्मविश्वास महसूस करने की सलाह मांगी थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका ने अपना अनुभव साझा किया, जब आपको एक ऐसा इंसान मिलता है, जो आपकी उम्मीदों पर खरा उतरता है, तो फिर उम्र कोई मायने नहीं रखती है। उन्होंने आगे कहा कि वह कॉलर के सवाल को समझती हैं कि जीवन के बड़े फैसलों में क्या पार्टनर एक बराबर का भागीदार बन पाएगा। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की उम्र में 10 साल का अंतर है, लेकिन उनका मजबूत रिश्ता अक्सर प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बना रहता है। उनकी प्रेम कहानी 2016 में ट्विटर पर एक डायरेक्ट मैसेज से शुरू हुई थी, जब निक के भाई केविन जोनस ने उन्हें प्रियंका का टीवी शो क्वांटिको देखने की सलाह दी थी।

# स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को गोल्डन बॉल सिमोन को गोल्डन ग्लव अवार्ड

### एम्बाप्पे ने गोल्डन बूट से रचा इतिहास

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 20 जुलाई ।** फीफा विश्व कप फुटबॉल में स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर खिताब जीता। फाइनल मुकाबले में स्पेन ने 2010 के बाद अपना दूसरा विश्व कप खिताब जीता है। इस खिताबी जीत के साथ ही पूरे टूर्नामेंट में स्पेनिश खिलाड़ियों का कौशल देखने को मिला, जिससे गोल्डन बूट को छोड़कर सभी प्रमुख व्यक्तिगत पुरस्कार स्पेन ने जीते। टूर्नामेंट में अपने असाधारण प्रदर्शन के लिए स्पेन के कप्तान और मिडफील्डर रोड्री को प्रतिष्ठित गोल्डन बॉल पुरस्कार मिला। रोड्री पूरे टूर्नामेंट में स्पेन का आधार साबित हुए, उन्होंने टीम के दौरान सभी आठ मैचों में मिडफील्ड पर नियंत्रित बनाया और विरोधी टीमों के हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम किया। टीम को चैंपियन बनाने में उनके इस अपार योगदान और मैदान पर उनके निरंतर दबदबे ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हकदार बनाया।

वहीं स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने फीफा विश्व कप 2026 का गोल्डन ग्लव अपने नाम किया। सिमोन पूरे टूर्नामेंट में स्पेन के गोलपोस्ट के सामने डटे रहे।



उन्होंने आठ मैचों में सिर्फ एक गोल खाया और सात प्रयास नाकाम कर दिये। ये उनकी अद्भुत रक्षात्मक क्षमता का प्रमाण है। अर्जेंटीना के खिलाफ फाइनल में अतिरिक्त समय में उनका शानदार बचाव निर्णायक साबित हुआ, जिसने स्पेन को चैंपियन बनने में मदद की।

## फोटो स्टोरी




स्टेवेलोट में बेल्जियम ग्रां प्री जीतने के बाद मर्सीडीज के एंड्रिय किमी, फरारी के चार्ल्स और रेड बुल के मैक्स वर्सटेपन पोडियम में एक साथ नजर आ रहे।

# नॉर्वे में 100 साल की सबसे भीषण आग सैकड़ों घर खाक, 400 लोग बेघर

» ओस्लो, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

नॉर्वे के ड्रामेन शहर के पास एक कस्बे में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। अधिकारियों ने इसे '100 वर्षों में लगी सबसे बड़ी आग' बताया है। सोमवार को भी आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई थी और धुआं उठ रहा था। क्रोकस्टाडेल्वा इलाके में सप्ताहांत के दौरान करीब 100 घर पूरी तरह नष्ट हो गए, जबकि लगभग 400 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। इस आग में स्थानीय फायर चीफ टोरगेर एंडरसन का घर भी जलकर खाक हो गया।

रविवार को स्थानीय अखबार ड्रामेंस टिडेंडे से बातचीत में पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में आग लगने की वजह या तो कोई दुर्घटना हो सकती है या फिर किसी स्थान पर अपने आप आग लगना (स्पॉन्टेनियस कम्बशन) हो सकता है। पुलिस के अनुसार, आग शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे क्रोकस्टाडेल्वा के एक रो-हाउस परिसर में शुरू हुई थी। पुलिस को इसकी पहली सूचना दोपहर 3:39 बजे मिली। आग इतनी तेजी से फैली कि रात 9 बजे तक 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या पूरी तरह नष्ट हो चुके थे।



नॉर्वे के दक्षिण-पूर्वी पुलिस जिले के संचालन प्रबंधक स्टॉले फुगलास ने कहा कि आग बुझाने का अभियान करीब 10 दिन और चलने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'यह इलाके में एक लंबे समय तक चलने वाला अभियान है। इससे पता चलता है कि वहां कितनी गर्मी बनी हुई है।'

उन्होंने बताया कि पीड़ितों को अपने सामानों को निकालने में मदद पहुंचाई जाएगी जिन्हें अभी तक बाहर नहीं लाया जा सका है। नगर प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं सुरक्षित तरीके से लोगों की वापसी की योजना पर काम कर रही हैं। अग्निशमन विभाग ने एहतियात के तौर पर इलाके में पानी के स्प्रिंकलर लगाए हैं और दमकल कर्मी, ड्रोन तथा हेलीकॉप्टर लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आईआरजीसी ने जॉर्डन में अमेरिकी विमानों पर हमला किया

तेहरान, यूटर्न/ 20 जुलाई । ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दक्षिणी जॉर्डन के अकाबा हवाईअड्डे पर अमेरिकी विमानों पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए है। प्रेस टीवी ने यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि इन हमलों में अमेरिकी सी-17 और पी-8 विमानों को निशाना बनाया गया। इससे पहले, जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने अम्मान में ईरान के राजदूत दाऊद कलंतारी को तलब किया और जॉर्डन के इलाके में हो रहे हमलों के बारे में विरोध पत्र सौंपा। बयान में कहा गया, 'मंत्रालय ने राजदूत से कहा कि वे अपने देश को स्पष्ट संदेश पहुंचाएं कि वे किंगडम (जॉर्डन) पर हमले तुरंत बंद करें।' मंत्रालय ने कहा कि जॉर्डन की सुरक्षा और उसके नागरिकों की हिफाजत एक अति-संवेदनशील सीमा है जिसे पार नहीं किया जा सकता। साथ ही, मंत्रालय ने ईरान की ओर से दिए जा रहे अस्वीकार्य और भड़काऊ बयानों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया।

### ट्रंप के दूत से बमबारी के खतरे के बीच हुई ईरान की बातचीत

तेहरान, यूटर्न/ 20 जुलाई । ईरान और अमेरिका के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर बढ़ गया है, जहां दोनों देश एक-दूसरे पर लगातार वार-पलटवार कर रहे हैं। इस अत्यधिक तनावपूर्ण माहौल के बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि जब वह और तेहरान के अन्य अधिकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बातचीत कर रहे थे, तब भी स्थिति कितनी भयावह और अस्थिर थी। अराघची ने कहा कि उन्होंने बातचीत के दौरान विटकॉफ से सीधा सवाल किया कि क्या वह कभी ऐसी बातचीत में बैठे हैं, जिसमें किसी भी पल बमबारी होने का खतरा मंडरा रहा हो। यह स्पष्ट नहीं था कि वह बातचीत के किस विशिष्ट हिस्से या किस स्थान की बात कर रहे थे, लेकिन उनका यह बयान उस समय की गंभीर और खतरनाक परिस्थितियों को बखूबी दर्शाता है। अराघची की विटकॉफ के साथ बातचीत पिछले साल की न्यूक्लियर बातचीत के दौरान शुरू होने के बाद से रुक-रुक कर होती रही है, जो दोनों देशों के बीच संवाद के जटिल और चुनौतीपूर्ण स्वरूप को उजागर करती है।

## समुद्र के खारे पानी को पीने योग्य बनाने वाले प्लांटों पर संकट!

वॉशिंगटन, यूटर्न/ 20 जुलाई अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अब संघर्ष का दायरा पानी की आपूर्ति व्यवस्था तक पहुंच गया है। हाल के घटनाक्रम में दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे के उन संयंत्रों को निशाना बनाए जाने की खबरें सामने आई हैं, जहां समुद्र के खारे पानी को शुद्ध कर पीने योग्य बनाया जाता है। इन डिसेलिनेशन प्लांटों पर हमलों ने पूरे खाड़ी क्षेत्र में जल सुरक्षा को लेकर नई चिंता पैदा कर दी है, क्योंकि यहां के अधिकांश देशों की पेयजल व्यवस्था इन्हीं संयंत्रों पर निर्भर है। खाड़ी क्षेत्र के देशों में प्राकृतिक मीठे पानी के स्रोत बेहद सीमित हैं। कुवैत, कतर, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात अपनी अधिकांश पेयजल जरूरत समुद्री पानी को शुद्ध कर पूरी करते हैं।

## यूटा में फ्लैश फ्लड, एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

वाशिंगटन, यूटर्न/ 20 जुलाई । अमेरिका के कई इलाकों में जबरदस्त बारिश का आम लोगों के जीवन पर काफी असर पड़ा है। मौसम विभाग लगातार फ्लैश फ्लड को लेकर अलर्ट जारी कर रहा है। पिछले दो दिनों से फ्लैश फ्लड ने काफी तबाही भी मचाई। दक्षिणी यूटा की एक घाटी में फ्लैश फ्लड में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह परिवार शुक्रवार को ट्रैकिंग के लिए निकला था। मृतकों में प्रोवो फायर डिपार्टमेंट के कप्तान, उनकी पत्नी और उनके तीन बेटे शामिल हैं। परिवार की एक बेटी इस यात्रा पर नहीं गई थी, और वह सुरक्षित है। वेन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, परिवार शुक्रवार को यूटा के बिकनेल के पास स्थित घाटी में मौजूद सनग्लो कैंपग्राउंड पहुंचा था, जहां से वे दिनभर की हाइकिंग पर निकले थे। शेरिफ कार्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'ऐसा माना जाता है कि भारी बारिश के कारण आई अचानक बाढ़ की चपेट में आने से सभी की मौत हुई।' हालांकि शेरिफ कार्यालय ने मृतकों की पहचान सार्वजनिक नहीं की, लेकिन प्रोवो फायर डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि फायर कैप्टन स्पेंसर लॉन्ग और उनके परिवार के सदस्यों की इस हादसे में मृत्यु हो गई। फायर विभाग ने कहा, 'कैप्टन स्पेंसर लॉन्ग और उनके परिवार के निधन से हम बेहद दुखी हैं। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और सहकर्मियों के साथ हैं।' शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि बाढ़ के बहाव वाले क्षेत्र में एक युवक का शव मिला है। इसके बाद शुक्रवार और शनिवार को परिवार के अन्य चार सदस्यों के शव भी बरामद कर लिए गए। एक पारिवारिक मित्र द्वारा उनकी बेटी की सहायता के लिए शुरू किए गए 'गो फंड मी' पेज के अनुसार, इस हादसे में स्पेंसर लॉन्ग, उनकी पत्नी कैटरीना और उनके तीन बेटे रीड, थायने और गेज की मृत्यु हो गई।



## अमेरिका से जंग तब रुकेगी, जब लड़ाई में हमारी बढ़त होगी: ईरान के विदेश मंत्री अराघची

» तेहरान, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

अमेरिका ने लगातार नौवीं रात ईरान के कई ठिकानों पर बमबारी की, वहीं ईरान भी खाड़ी देशों को निशाना बना रहा है। बढ़ती तल्खी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ युद्ध तब तक नहीं रुकेगा, जब तक हमें लड़ाई में मजबूत बढ़त नहीं मिल जाती।

सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, 'बातचीत भी तभी होनी चाहिए, जब ईरान ऐसी स्थिति में हो जहां उसे लगे कि हालात उसके पक्ष में हैं।'

अराघची ने कहा कि किसी भी युद्ध का अंत दो तरह से होता है। पहला, जब किसी एक पक्ष को सैन्य जीत मिल जाए। दूसरा, जब दोनों पक्ष बातचीत करके समझौते पर पहुंचें। लेकिन बातचीत तभी करनी चाहिए, जब संघर्ष में अपनी स्थिति मजबूत हो। जल्दबाजी में बातचीत करना सही नहीं होगा।

इसके साथ ही उन्होंने ईरान की सुरक्षा को भी अहम बताया। उन्होंने कहा कि लोगों की जान और देश के भविष्य को खतरे में नहीं डाला जा सकता। हर फैसला पूरी जानकारी और सही आकलन के बाद ही लिया जाना चाहिए। सरकार को लगातार यह देखना चाहिए कि युद्ध जारी रखने से फायदा ज्यादा हो रहा है या नुकसान। अगर नुकसान बढ़ने लगे तो उसी हिसाब से फैसला लेना चाहिए। कुछ नुकसान के बावजूद ईरान इस युद्ध के बाद दुनिया में पहले से ज्यादा मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरा है। पश्चिम एशिया तनाव चरम पर है। अमेरिका ने सोमवार को लगातार नौवीं रात ईरान पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक ईरान के सैन्य कमांड सेंटर, एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल और ड्रोन लॉन्च साइट्स समेत कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।




उत्तर-पश्चिमी ईरान की तबरीज मिसाइल फील्ड में आग लगने की खबर है। इस मिसाइल फील्ड को इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) एयरोस्पेस फोर्स चलाती है।

वहीं, सेंटकॉम ने ये भी बताया कि उत्तरी इराक में बिना फटे ईरानी ड्रोन को नष्ट करने के दौरान एक अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई। एक अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुआ है, जिसका इलाज चल रहा है। इसके साथ ही जंग में मारे गए अमेरिकी सैनिकों की संख्या बढ़कर 17 तक पहुंच गई है।

## पेरू में महसूस हुए दो भूकंप के झटके, कम से कम छह लोगों की मौत और 21 घायल

» लीमा, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

पेरू के एक पहाड़ी इलाके में दो बार भूकंप के तेज झटके महसूस हुए। देश के सिविल डिफेंस चीफ की ओर से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार, कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हुए। पेरू के नेशनल सिस्मोलॉजिकल सेंटर की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया गया कि शनिवार रात को लीमा से करीब 300 किमी (186 मील) पूरब में जुनिन इलाके के चुपाका प्रांत में 5.1 और 3.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। सेंटर ने बताया कि पहला भूकंप 24 किमी की गहराई पर और दूसरा 18 किमी की गहराई पर आया। यूरोपीय-मेडिटेरियन सिस्मोलॉजिकल सेंटर ने पहले बताया था कि पहले भूकंप की तीव्रता 5.6 थी। बचावकर्मी उन लोगों की तलाश जारी रखे हुए हैं जो अभी भी मलबे में फंसे हो सकते हैं।



प्रेसिडेंट-इलेक्ट केइको फुजीमोरी ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'जुनिन में आए भूकंप से हुई त्रासदी पर मुझे बहुत दुख है। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जो मारे गए हैं और जो लोग प्रभावित हुए हैं उनके साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता हूं।'

## दारखोविन परमाणु ऊर्जा संयंत्र शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए, अमेरिका ने हमला कर ठीक नहीं किया: ईरान

» तेहरान, यूटर्न/ 20 जुलाई ।

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने दारखोविन परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह संयंत्र पूरी तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बनाया जा रहा था। 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू हुए अमेरिका-इजरायल युद्ध के बाद यह पहली बार है जब अमेरिका ने किसी परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सीधे निशाना बनाया। हालांकि यह संयंत्र अभी निर्माणाधीन था, इसलिए वहां कोई परमाणु सामग्री मौजूद नहीं थी। इसी कारण किसी प्रकार का विकिरण या रेडियोधर्मी रिसाव नहीं हुआ।

यह परियोजना ईरान के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसका निर्माण वर्ष 2022 में शुरू हुआ था और इसे 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। पिछले सप्ताह अमेरिका ने बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास के क्षेत्र पर भी हमला किया था और सोमवार को भी अलग-अलग इलाकों को निशाना बनाया। संघर्ष के शुरुआती 38 दिनों के दौरान अमेरिका ने ईरान के कई परमाणु रिएक्टरों और अनुसंधान केंद्रों को भी निशाना बनाया। वर्ष 2026 में किसी परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर यह पहला प्रत्यक्ष हमला माना जा रहा है। इससे पहले जून 2025 में अमेरिका ने नतांज, फोर्दो और इस्फहान स्थित ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हमले किए थे, लेकिन डार्खोविन पर हमला पहली बार है जब किसी परमाणु ऊर्जा संयंत्र को सीधे निशाना बनाया गया। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) ने रविवार (19 जुलाई) को दावा किया कि अमेरिकी सेना ने उनके एक बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट को निशाना बनाया। दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुजेस्तान में बन रहे दारखोविन न्यूक्लियर पावर प्लांट पर कई प्रोजेक्टाइल दागे गए, जिनमें मिसाइलें और रॉकेट शामिल थे।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *